8 नवंबर 2026 की
प्रमुख समसामयिक घटनाएँ

Q 1. **On 7 November 2026, India and the European Union concluded negotiations for India's association with which major research and innovation programme?**

7 नवंबर 2026 को भारत और यूरोपीय संघ ने किस प्रमुख अनुसंधान एवं नवाचार कार्यक्रम से भारत के जुड़ने के लिए वार्ता पूरी की?

(A) Erasmus+ / इरास्मस प्लस

(B) Horizon Europe / होराइजन यूरोप ✓

(C) Digital Europe / डिजिटल यूरोप

(D) Copernicus / कोपरनिकस



Explanation: Horizon Europe is the European Union's flagship research and innovation programme, with a budget of approximately €93.5 billion for 2021–2027. The conclusion of negotiations is significant for India's international scientific cooperation.

होराइजन यूरोप यूरोपीय संघ का प्रमुख अनुसंधान एवं नवाचार कार्यक्रम है। वर्ष 2021–2027 के लिए इसका बजट लगभग 93.5 अरब यूरो है। यह भारत के अंतरराष्ट्रीय वैज्ञानिक सहयोग की दृष्टि से महत्वपूर्ण है।

Q 2. **In November 2026, the Union Cabinet approved the VISTAR scheme. What is its primary objective?**

नवंबर 2026 में केंद्रीय मंत्रिमंडल ने VISTAR योजना को मंजूरी दी। इसका मुख्य उद्देस्य क्या है?

(A) Modernisation of defence manufacturing / रक्षा विनिर्माण का आधुनिकीकरण

(B) Transformation of India's statistical system, analytics and research / भारत की सांख्यिकीय प्रणाली, विश्लेषण एवं अनुसंधान का रूपांतरण ✓

(C) Expansion of rural highways / ग्रामीण राजमार्गों क विस्तार

(D) Promotion of agricultural exports / कृषि निर्यात को बढ़ावा देना



Explanation: VISTAR stands for Viksit Bharat Initiative for Statistical Transformation, Analytics & Research. Approved on 4 November 2026, this Central Sector Scheme covers 2026–27 to 2030–31.

VISTAR का पूरा नाम विकसित भारत इनिशिएटिव फॉर स्टैटिस्टिकल ट्रांसफॉर्मेशन, एनालिटिक्स एंड रिसर्च है। 4 नवंबर 2026 को स्वीकृत यह केंद्रीय क्षेत्र की योजना 2026–27 से 2030–31 तक लागू करने के लिए निर्धारित है।

Q 3. **What is the total outlay approved by the Union Cabinet in November 2026 for promoting lithium and nickel processing under the Critical Mineral Processing Capex Support Scheme?**

नवंबर 2026 में लिथियम और निकेल प्रसंस्करण को बढ़ावा देने के लिए क्रिटिकल मिनरल प्रोसेसिंग कैपेक्स सपोर्ट योजना के अंतर्गत कितनी राशि स्वीकृत की गई?

(A) ₹1,500 crore / ₹1,500 करोड़

(B) ₹2,814 crore / ₹2,814 करोड़ ✓

(C) ₹5,000 crore / ₹5,000 करोड़

(D) ₹7,500 crore / ₹7,500 करोड़



Explanation: On 4 November 2026, the Union Cabinet approved ₹2,814 crore to promote domestic processing of critical minerals, particularly lithium and nickel, which are important for batteries, electric vehicles and clean-energy technologies.

4 नवंबर 2026 को केंद्रीय मंत्रिमंडल ने महत्वपूर्ण खनिजों, विशेषकर लिथियम और निकेल के घरेलू प्रसंस्करण को बढ़ावा देने के लिए ₹2,814 करोड़ स्वीकृत किए। ये खनिज बैटरी, इलेक्ट्रिक वाहन और स्वच्छ ऊर्जा प्रौद्योमिकियों के लिए महत्वपूर्ण हैं।

Q 4. **In November 2026, the Union Cabinet approved a ₹14,500 crore Viability Gap Funding scheme for grid-scale energy storage systems. What is the targeted storage capacity?**

नवंबर 2026 में केंद्रीय मंत्रिमंडल ने ग्रिड-स्तरीय ऊर्जा भंडारण प्रणालियों के लिए ₹14,500 करोड़ की वायबिलिटी गैप फंडिंग योजना को मंजूरी दी। इसकी लक्षित भंडारण क्षमता कितनी है?

(A) 50 GWh

(B) 75 GWh

(C) 92 GWh ✓

(D) 120 GWh



Explanation: The scheme approved on 4 November 2026 supports development of 92 gigawatt-hours (GWh) of grid-scale energy storage capacity. Such systems help integrate variable renewable energy sources into the electricity grid.

4 नवंबर 2026 को स्वीकृत योजना का लक्ष्य 92 गीगावाट-घंटा (GWh) ग्रिड-स्तरीय ऊर्जा भंडारण क्षमता विकसित करना है। इससे सौर और पवन ऊर्जा जैसी परिवर्तनशील नवीकरणीय ऊर्जा को बिजली ग्रिड से जोड़ने में सहायता मिलेगी।

Q 5. **According to the government's November 2026 decision, what is the revised rice sale target under the Open Market Sale Scheme (Domestic) for 2026–27?**

सरकार के नवंबर 2026 के निर्णय के अनुसार, वित्त वर्ष 2026–27 के लिए ओपन मार्केट सेल स्कीम (घरेलू) के अंतर्गत चावल बिक्री का संशोधित लक्ष्य कितना है?

(A) 25 lakh tonnes / 25 लाख टन

(B) 35 lakh tonnes / 35 लाख टन

(C) 50 lakh tonnes / 50 लाख टन ✓

(D) 75 lakh tonnes / 75 लाख टन



Explanation: On 6 November 2026, the government announced that the OMSS(D) rice sale target had been doubled from 25 lakh tonnes to 50 lakh tonnes. The scheme helps increase market supply and moderate foodgrain prices.

6 नवंबर 2026 को सरकार ने OMSS(D) के अंतर्गत चावल बिक्री का लक्ष्य 25 लाख टन से बढ़ाकर 50 लाख टन कर दिया। इस योजना का उदेश्य खुले बाजार में खाद्यान्न की उपलब्यता बढ़ाना और कीमतों को नियंत्रित रखने में सहायता करना है।

Q 6. **According to the announcement made on 7 November 2026, revised prices of anti-cancer medicines will come into effect from which date?**

7 नवंबर 2026 की घोषणा के अनुसार, कैंसर-रोधी दवाओं की संशोधित कीमतें किस तारीख से प्रभावी होंगी?

(A) 7 November 2026 / 7 नवंबर 2026

(B) 9 November 2026 / 9 नवंबर 2026 ✓

(C) 15 November 2026 / 15 नवंबर 2026

(D) 1 December 2026 / 1 दिसंबर 2026



Explanation: The Department of Pharmaceuticals announced revised prices of anti-cancer medicines, effective from 9 November 2026. Drug-price regulation is associated with the National Pharmaceutical Pricing Authority (NPPA), under the Department of Pharmaceuticals.

औषध विभाग ने कैंसर-रोधी दवाओं की संशोधित कीमतें 9 नवंबर 2026 से लागू करने की घोषणा की। भारत में दवा मूल्य विनियमन से संबंधित प्रमुख संस्था राष्ट्रीय औषध मूल्य निर्धारण प्राधिकरण (NPPA) है, जो औषध विभाग के अंतर्गत कार्य करता है।

Q 7. **In its clarification dated 6 November 2026, the Supreme Court stated that its OBC creamy-layer judgment would apply to service allocation for candidates of which Civil Services Examination?**

6 नवंबर 2026 को सर्वोच्च न्यायालय ने स्पष्ट किया कि OBC क्रीमी लेयर संबंधी उसके निर्णय के अनुसार किस वर्ष की सिविल सेवा परीक्षा के अभ्यर्थियों का सेवा आवंटन किया जाएगा?

(A) Civil Services Examination 2023 / सिविल सेवा परीक्षा 2023

(B) Civil Services Examination 2024 / सिविल सेवा परीक्षा 2024

(C) **Civil Services Examination 2025 / सिविल सेवा परीक्षा 2025** ✓

(D) Civil Services Examination 2026 / सिविल सेवा परीक्षा 2026



Explanation: The Supreme Court clarified that its 11 March 2026 judgment on OBC creamy-layer criteria would govern service allocation for CSE 2025 candidates because their allocation was still pending. It also clarified that previously concluded selections would not generally be reopened.

सर्वोच्च न्यायालय ने स्पष्ट किया कि 11 मार्च 2026 के OBC क्रीमी लेयर संबंधी निर्णय के अनुसार CSE 2025 के अभ्यर्थियों का सेवा आवंटन होगा, क्योंकि उनका आवंटन लंबित था। पहले से पूर्ण हो चुकी चयन प्रक्रियाओं को सामान्य रूप से दोबारा नहीं खोला जाएगा।

Q 8. **In November 2026, the Indian Air Force collaborated with which institution to develop an indigenous secure airborne digital communication system?**

नवंबर 2026 में भारतीय वायु सेना ने स्वदेशी सुरक्षित एयरबोर्न डिजिटल संचार प्रणाली विकसित करने के लिए किस संस्थान के साथ सहयोग किया?

(A) IIT Delhi / आईआईटी दिल्ली

(B) **IIT Madras / आईआईटी मद्रास** ✓

(C) IIT Kanpur / आईआईटी कानपुर

(D) IISc Bengaluru / आईआईएससी बेंगलुरू



Explanation: In November 2026, the Indian Air Force's Software Development Institute and IIT Madras entered into an agreement for an indigenous secure airborne communication system. The initiative supports self-reliance in defence communication technology.

नवंबर 2026 में भारतीय वायु सेना के सॉफ्टवेयर डेवलपमेंट इंस्टीट्यूट और आईआईटी मद्रास के बीच स्वदेशी सुरक्षित हवाई डिजिटल संचार प्रणाली विकसित करने के लिए समझौता हुआ। यह रक्षा संचार प्रौद्योगिकी में आत्मनिर्भरता को बढ़ावा देने वाला कदम है।

Q 9. **According to the PIB backgrounder released on 7 November 2026, what is India's global rank in chemical production?**

7 नवंबर 2026 को जारी PIB के विवरण के अनुसार, रसायन उत्पादन में भारत का विश्व में कौन-सा स्थान है?

(A) Third / तीसरा

(B) Fourth / चौथा

(C) Fifth / पाँचवाँ

(D) **Sixth / छठा** ✓



Explanation: India is the world's sixth-largest chemical producer and the fourth-largest in Asia. The sector is valued at approximately USD 220 billion. The chemical industry is important for manufacturing, exports and industrial development.

भारत विश्व का छठा सबसे बड़ा और एशिया का चौथा सबसे बड़ा रसायन उत्पादक देश है। इस क्षेत्र का मूल्य लगभग 220 अरब अमेरिकी डॉलर है। रसायन उद्योग विनिर्माण, निर्यात और औद्योगिक विकास की दृष्टि से महत्वपूर्ण है।

Q 10. **Which stage of the Graded Response Action Plan (GRAP) was invoked across Delhi-NCR on 6 November 2026 due to severe air pollution?**

गंभीर वायु प्रदूषण के कारण 6 नवंबर 2026 को दिल्ली-NCR में ग्रेडेड रिस्पॉन्स एक्शन प्लान (GRAP) का कौन-सा चरण लागू किया गया?

(A) Stage I / चरण I

(B) Stage II / चरण II

(C) **Stage III / चरण III** ✓

(D) Stage IV / चरण IV



Explanation: GRAP Stage III was invoked in Delhi-NCR on 6 November 2026 amid severe air pollution. GRAP is implemented through the Commission for Air Quality Management (CAQM). Stage III corresponds to the Severe air-quality category, generally associated with Delhi AQI of 401–450.

6 नवंबर 2026 को गंभीर वायु प्रदूषण के कारण दिल्ली-NCR में GRAP का चरण III लागू किया गया। GRAP के कार्यान्वयन में वायु गुणवत्ता प्रबंधन आयोग (CAQM) की प्रमुख भूमिका है। चरण III 'गंभीर' वायु गुणवत्ता श्रेणी से संबंधित है, जो सामान्यतः दिल्ली के AQI 401–450 से जुड़ी होती है।